वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 273 | रविवार 29 जनवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## जयपुर में निकाली गई विशाल भगवा वाहन रैली

### सैकड़ों बच्चियों के खुलवाए गए अकाउंट, 2100 महिलाओं को किया सम्मान

**जयपुर. कासं**





हिंद रक्षक सेवा संस्था जयपुर की ओर से शनिवार को सिविल लाइंस में विशाल भगवा वाहन रैली निकाली गई। भगवा रैली को भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली दोपहर 12 बजे गुर्जर की थड़ी से ढोल नगाड़ों के साथ न्यू सांगानेर रोड, श्याम नगर होते हुए सिविल लाइन मेट्रो स्टेशन के पास स्थित बाल निवास गार्डन पहुंची। भगवा रैली के अंदर न्यू सांगानेर रोड पर सैकड़ों वाहनों के साथ लोगों की लंबी कतार दिखाई दी। जगह-जगह रणजीत सिंह सोडाला का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। जय श्री राम और भारत माता की जय के नारों के साथ रैली में युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। लोगों ने घर की छतों से रैली पर फूलों की वर्षा की। प्रोग्राम में करीब 5 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। संस्था अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रणजीत सिंह सोडाला ने लोगों को संबोधित किया। कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की नीति और सनातन संस्कृति पर जिस तरह से कुठाराघात किया जा रहा है। उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या जैसी घटनाएं सिविल लाइंस क्षेत्र में भी हुई हैं। जिसको लेकर सिविल लाइंस विधानसभा को सचेत करने का काम भगवा रैली के माध्यम से आज सूर्य सप्तमी के दिन हमने किया है। क्षेत्र में जिस प्रकार से महिलाओं और युवाओं के साथ अत्याचार देखने को मिल रहे हैं। लेकिन स्थानीय विधायक एवं वर्तमान सरकार में मंत्री-मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब देख रहे हैं। सनातन धर्म की रक्षा के लिए जिस तरह भगवान श्रीराम ने लंका में जाने के लिए सेतु बनाया था और गिलहरियों ने मदद की। हम गिलहरी कर रूप में ये शुभ काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार के तहत सिविल लाइंस की 10 वर्ष से कम उम्र की सैकड़ों बच्चियों के सुकन्या समृद्धि योजना के तहत सांकेतिक रूप में खाते खुलवाए गए। 2100 महिलाओं को साड़ियां एवं सिलाई मशीन वितरित कर मातृशक्ति का सम्मान किया गया। वहीं, सैकड़ों प्रबुद्धजनों और वरिष्ठ नागरिकों एवं संतजनों की समाज में सहभागिता को लेकर सम्मानित किया गया। प्रोग्राम में क्रीड़ा भारती के प्रदेश संयोजक मेघ सिंह, सांसद रामचरण बोहरा, जूना अखाड़ा के नावलगिरी महाराज, अखिल भारतीय धर्म संसद के अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर, भाजपा के जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, पूर्व शहर अध्यक्ष संजय जैन, सरल बिहारी मंदिर महंत दीपक बल्लभ गोस्वामी, पंकज शर्मा, पार्षद धीरेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, अंशु शर्मा, हेमेंद्र शर्मा समेत कई वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

## प्रदेश में बारिश-ओले का अलर्ट, ठंड हुई तेज...

### लगातार तीसरे दिन प्रदेश का टेम्परेचर माइनस में, आज रात से छाएंगे बादल

**जयपुर. कासं**



राजस्थान में शनिवार को लगातार तीसरे दिन तापमान माइनस में दर्ज हुआ। सीकर के फतेहपुर, जोबनेर (जयपुर) और चूरू में आज न्यूनतम तापमान माइनस 1 रहा। कई इलाकों में ओस की बूंदें खेतों में जम गईं। कोटा, बूंदी, उदयपुर, जयपुर समेत कई शहरों में गुरुवार के मुकाबले शुक्रवार रात का टेम्परेचर 1 से लेकर 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरा। उधर, 30 जनवरी को भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ इलाकों में बारिश की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि उत्तर भारत से आई सर्द हवा के कारण राजस्थान के कई शहरों में पिछले दो दिनों से गलनभरी सर्दी पड़ रही है। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज शाम से सर्दी का असर कम होने और एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने की संभावना जताई है। इस सिस्टम के असर से शनिवार रात तक बीकानेर, जोधपुर संभाग के जिलों में बादल छाने के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है। शनिवार को फतेहपुर में तापमान माइनस 1.5 और जयपुर के जोबनेर में माइनस एक डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इनके अलावा हिल स्टेशन माउंट आबू में भी आज चौथे दिन तापमान माइनस में दर्ज हुआ। इन शहरों के अलावा बीकानेर, भीलवाड़ा, पिलानी (झुंझुनूं), हनुमानगढ़, फलौदी (जोधपुर), करौली, सिरोही, बारां में आज न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। फतेहपुर, जोबनेर के अलावा चूरू, हनुमानगढ़ के ग्रामीण इलाकों में आज भी कई जगह खेतों में ठंड के कारण ओस की बूंदें जम गईं।

### दिन में तेज धूप से राहत

सुबह-शाम गलन भरी सर्दी से लोगों को दिन में तेज धूप से राहत मिली। आज भी अधिकांश शहरों में सुबह मौसम साफ रहा और तेज धूप निकली। हालांकि बीकानेर, गंगानगर बेल्ट में आसमान में हल्के धुंध और बादल छाए रहे। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, 23 से 26 जनवरी को उत्तरी भारत में हुई भारी बर्फबारी के कारण मैदानों में सर्दी तेज हुई है।

### पाकिस्तान के ऊपर एक्टिव है पश्चिमी विक्षोभ

मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के ऊपर एक्टिव है, जो धीरे-धीरे पश्चिमी राजस्थान की ओर से बढ़ रहा है। यहां पश्चिमी राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बनने की संभावना है। इसके असर से आज दोपहर या रात तक राज्य के कुछ भागों में बादल छाने लगेंगे और कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी भी हो सकती है।

### 30 जनवरी तक असर रहेगा

राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस सिस्टम का असर राज्य में सबसे ज्यादा 29 जनवरी को रहेगा, जब आधे से ज्यादा राजस्थान के जिलों में बारिश हो सकती है साथ ही कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते है। 30 जनवरी को भी इस सिस्टम का असर पूर्वी राजस्थान में भरतपुर (भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर), जयपुर संभाग (दौसा, सीकर, अलवर, जयपुर, झुंझुनूं) के जिलों में देखने को मिल सकता है।

### दिया स्वच्छता का संदेश, रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ

# सुभाष चंद्र बोस के जीवन से विद्यार्थी लें प्रेरणा: एसडीएम डागा




**आवां. टोंक. शाबाश इंडिया**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव भामाशाह सम्मान समारोह के अवसर पर बच्चों ने राष्ट्रभक्ति के साथ ही सांस्कृतिक मनोहारी प्रस्तुति दी इस अवसर पर सुभाष चंद्र बोस के जीवन से संबंधित नाटिका का मंचन किया गया स्वच्छता हेतु प्रेरित करने वाले पोस्टर का विमोचन उपखंड अधिकारी राजेश डागा, प्रधान जयवीर सिंह व प्रधानाचार्य आदित्य विजय ने किया रक्त सेवा परिवार टीम समूह व व्यापार संघ के सहयोग से सुभाष चंद्र बोस की जयंती को मनाने के क्रम में विद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ जिसमें 41 यूनिट रक्तदान हुआ विशिष्ट अतिथि अशोक टेलर, रामेश्वर सांवरिया ने भी इस पर उद्बोधन दिया। रक्त सेवा परिवार टीम के संस्थापक दीपक मीणा व ब्लड डोनर रामलक्ष्मण मीणा ने बताया कि यह ब्लड थैलेसीमिया पेशेंट, गर्भवती महिला, एक्सीडेंट वालों को उपलब्ध कराया जाएगा । प्रधानाचार्य विजय के अनुसार विद्यालय के सहयोगी भामाशाह व सर्वश्रेष्ठ छात्र छात्राओं को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। उपखंड अधिकारी डागा ने बच्चों को सुभाष चंद्र बोस के जीवन से कड़ी मेहनत करना सीखने व नागरिकों को विद्यालयों का सहयोग करने का आह्वान किया गया साथ ही स्वच्छता शपथ भी दिलाई।

# मनायी तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज की 84वीं जन्म जयंती

### आचार्य सुनील सागर महाराज का 17वां आचार्य पदारोहण महोत्सव भी हर्षोउल्लास से मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शनिवार को वरुण पथ दिगम्बर जैन मंदिर मानसरोवर के प्रांगण पर धर्म प्रभावना महोत्सव के दूसरे दिन तृतीय पट्टाचार्य, तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर महाराज का 84 वां जन्मजयंती एवं चतुर्थ पट्टाचार्य आचार्य सुनील सागर महाराज का 17 वां आचार्य पदारोहण महोत्सव श्रद्धा-भक्ति और गीत-संगीत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 6.30 बजे मूलनायक भगवान महावीर स्वामी के स्वर्ण एवं रजत कलशों के साथ कलशाभिषेक एवं आचार्य श्री के मुखारविंद विश्व मे शांति की कामना करते हुए एवं आचार्य सन्मति सागर महाराज की स्मृति में भव्य स्वर्ण झरी से शांतिधारा कर अर्घ चढ़ाया गया। इसके उपरांत प्रातः 8.15 बजे धर्मसभा हुई जिसे आचार्य सुनील सागर महाराज और आचार्य शंशाक सागर महाराज ने संबोधित किया। प्रचार संयोजक अभिषेक जैन बिट्टू ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को मुख्य



आयोजन दोपहर 1 बजे से आयोजित किया गया जिसमें आचार्य सन्मति सागर महाराज के 84 वें जन्म जयंती महोत्सव एवं आचार्य सुनील सागर महाराज के 17 वें आचार्य पदारोहण के अवसर पर 13 श्रेष्ठी पुण्यार्जक परिवारों द्वारा पूजन अर्चना की गई और 84 परिवारों द्वारा दीपकों के साथ महाअर्चना की गई। इसके उपरांत विन्याजनली सभा का आयोजन हुआ जिसे संघ में विराजमान मुनिराजों एवं आर्यिका माताजी सहित समाज के विद्धानों द्वारा आचार्य श्री को विन्यांजली समर्पित की गई।

# डायमन्ड ग्रुप तिरंगा थीम पर शिशिरोत्सव कार्यक्रम किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप डायमन्ड ने 26 जनवरी गुरुवार को होटल जयपुर लेगेसी में गणतंत्र दिवस थीम पर कार्यक्रम आयोजित करके नए साल का आगाज किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सम्मेदशिखर के विषय पर गंभीर परिचर्चा के साथ हुआ । संस्थापक अध्यक्ष यश कमल अजमेरा ने 26 जनवरी के अवसर पर सविधान पर प्रकाश डाला व महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। आने वाले सभी दम्पति सदस्यों को इस सुअवसर पर तिरंगे दुपट्टे , केप, बेज, व हाथों में तिरंगे रिबन प्रदान किए गए। विभिन्न प्रकार के मनोरंजनीय गेम आयोजित किए गए व भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह की शुरूआत मे ग्रुप के कोषाध्यक्ष सुरेश आभा गंगवाल व सदस्य टीकम अजमेरा ने झंडरोहण किया गया। देश भक्ति गीतों पर शानदार अंताक्षरी का आयोजन किया गया जिसे बहुत ही सुंदर तरीके से संस्थापक अध्यक्ष यश कमल अजमेरा द्वारा तीन टीम बनाकर खिलाया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया जीतने वाली टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए ।




ग्रुप के अध्यक्ष प्रमोद-सोनल जैन व सचिव रमेश- सन्जना छाबड़ा ने बताया कि शाम को गणतंत्र दिवस थीम पर ही हाऊजी खिलाई गई । अर्ली कमर, लकी कपल के साथ अन्य सभी पुरस्कारों के वितरण व सभी के आभार के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

# बाबा का किया मनमोहक श्रृंगार



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**नसीराबाद।** बसंत पंचमी के अवसर पर गुरुवार को शोभाराम मोहल्ला स्थित कल्याण जी मंदिर में बाबा का श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित ऋषभ शर्मा ने कल्याण जी और खाटू श्याम जी को बागा और पीत वस्त्र धारण कराकर फूलों से सजाया। बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया।





आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में

# मदनगंज किशनगढ़ में चल रहे श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव का हुआ समापन

## कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने पर 101 वर्ष पुरानी संस्था वीर सेवक मंडल का किया सम्मान

राजाबाबू गोधा. शाबाश इंडिया

मदनगंज किशनगढ़। वात्सल्य वारिधि आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में 22 जनवरी से 27 जनवरी 2023 तक मदनगंज किशनगढ़ में चल रहे श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत व सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से आयोजित श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महामहोत्सव का एतिहासिक रुप से भव्यता के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए बताया कि मदनगंज किशनगढ़ में ही नहीं पूरे विश्व में पहली बार यह ऐतिहासिक भव्य पंच कल्याणक महोत्सव था जो पहले कभी न हुआ कार्यक्रम में पांचवे व छठेदिन पर केवलज्ञान कल्याणक व मोक्ष कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरुवार को केवलज्ञान संस्कार क्रिया संपन्न हुई वहीं शुक्रवार को अग्निदेव द्वारा संस्कार विधि व मोक्ष कल्याणक पूजा का आयोजन किया गया। विसर्जन कार्यक्रम के साथ ही महामहोत्सव का समापन हुआ। इन्द्रा नगर स्थित शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर और सिटी रोड स्थित चन्द्रप्रभु मंदिर के श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा प्राण महामहोत्सव के पांचवें रोज वात्सल्य वारिधि आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज ससंघ के सानिध्य एवं गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी ससंघ की मौजूदगी में केवलज्ञान संस्कार क्रिया, अधिवासना, मुखोद्घाटन, नयनोन्मिलन, सूरीमंत्र, गुणारोपण, केवल ज्ञान पूजा, हवन, पद्दोद्घाटन, समवसरण दर्शन व 46 दीप से आरती, दिव्य ध्वनि का आयोजन किया गया। इस दौरान जैन समाज के हजारों लोगों ने श्रीशांतिनाथ महामुनि एवं श्री चन्द्रप्रभ महामुनिराज व आचार्य वर्धमान सागर महाराज के जयकारों से पांडाल को गूंजा दिया।





श्रीमद जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा प्राण महामहोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार को ध्यान व आशीर्वाद सभा, श्री जिनाभिषेक एवं नित्यार्चन, मोक्षकल्याणक दृश्य का आयोजन किया गया।आचार्य संघ के पावन सानिध्य में अग्निदेव द्वारा संस्कार विधि, मोक्ष कल्याणक पूजा, हवन, पूर्णाहुति की गई। आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज के सान्निध्य में दीप प्रज्वलन व चित्र अनावरण सांसद भागीरथ चौधरी, नगर निगम अजमेर के उप महापौर नीरज जैन ने किया। मंगलाचरण श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति ने पेश किया। पाद-प्रक्षालन विजयकुमार, दीपककुमार, मनोज कुमार कासलीवाल कुचील वाले ने किया। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य महावीर प्रसाद, प्रदीप कुमार, दिलीप कुमार गंगवाल रूपनगढ़ वाले ने किया। कार्यक्रम के दौरान वात्सल्य भोज के पुण्यार्जक भामाशाह एवं मुनि भक्त परिवार महावीर प्रसाद, विनोद कुमार, कैलाशचंद पाटनी, पिंटू कुमार पाटनी (उरसेवा) मदनगंज किशनगढ़ वालों का समाज द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया, कार्यक्रम में आशीर्वाद सभा के बाद भव्य रथयात्रा निकाली गई वहीं वेदी में भगवान को विराजमान, कलशारोहण, ध्वजा एवं ध्वज दंडारोहण का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में प्रचार मंत्री गौरव पाटनी के अनुसार चन्द्रप्रभु मंदिर में शिखर पर ध्वज दंडारोहण का सौभाग्य प्रदीपकुमार, पीयूषकुमार, सौरभ, धैर्य गंगवाल परिवार को मिला। वहीं शांतिनाथ जिनालय में ध्वज दंडारोहण का सौभाग्य अमोलकचंद, अशोक कुमार बड़जात्या कालानाड़ा वाले को प्राप्त हुआ। वहीं श्रीजी को रथयात्रा के माध्यम से मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर लाया गया। दोपहर को विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी ने महामहोत्सव के दौरान आवास, भोजन, यातायात, जुलूस व्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्था, पूजन विधान व कलश वितरण, मंच व्यवस्था आदि समितियों के सराहनीय सहयोग का आभार जताया, कार्यक्रम में आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज ने कहा कि 26 जनवरी को देश चलाने के लिए संविधान लागू किया गया। संविधान मेंसमय-समय पर आवश्यकता के अनुसार संशोधन होते है लेकिन जैन धर्म में देव शास्त्र गुरु द्वारा बनाए गए नियम-संविधान में कोई परिवर्तन नहीं होता है। देश तंत्र के अनुसार चलता है किन्तु जैन धर्म आगम के अनुसार चलता है कार्यक्रम में भरी धर्म सभा में उपस्थित श्रावकों को आचार्यश्री ने कहा कि तीर्थंकर भगवान को आहार की जरूरत नहीं होती है फिर भी तीर्थंकर भगवान आहार के माध्यम से भविष्य का संविधान बनाते हैं कि मुनिराज किस प्रकार आहार करेंगे वे किस विधि से आहार लेंगे, वीतरागता के तंत्र में कोई परिवर्तन नहीं होता है अतः सभी रत्नत्रय रूपी वीतरागता को प्राप्त करने के लिए सबको पुरुषार्थ करना चाहिए सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र रत्न त्रय के अभाव में प्राणी संसार में परिभ्रमण कर रहे हैं, सबसे पहले आठ कर्मों का आश्रव रोकना होगा इसके लिए संवर तत्व अर्थात जिस प्रकार बांध बनाकर पानी को रोका जाता है उसी प्रकार कर्मों के आश्रव को तप और संयम रूपी बांध बनाकर कर्मों की निर्जरा तप संयम और साधु जीवन के माध्यम से करना होगी। आचार्य श्री ने कहा कि अंधकार को जिस प्रकार दूर करने के लिए दीपक के प्रकाश से अंधकार को दूर किया जाता है उसी प्रकार आपको मोह रूपी अंधकार को ज्ञान रूपी दीपक के माध्यम से दूर करना होगा। इसके लिए संयमधारण कर निर्वाण को प्राप्त किया जा सकता है। मनुष्य भव में 84 लाख योनि से छुटकारा पाने का यही उपाय है यही मंगलकारी है इससे आप परमात्मा बन सकते, हमारे देव, शास्त्र, गुरु परम आराध्य हैं इनकी भक्ति कर पाप कर्मों को नष्ट कर सकते हैं।

## वेद ज्ञान

### जीवन में प्रेम और भक्ति

भक्ति वासना का दिव्य रूपांतरण है। वासना शरीर के तल पर होती है। इसमें शरीर मिलते हैं और मन मिल नहीं पाते हैं इसलिए इसका अंतिम परिणाम विषाद होता है। जहां मन मिलते हैं उसे प्रेम कहते हैं। मन मिलते हैं ऐसा इसलिए, क्योंकि मन शरीर की अपेक्षा सूक्ष्म है। इससे तृप्ति मिलती है। भक्ति में आत्माओं का योग-संयोग होता है, विलय-विसर्जन होता है। यह स्थिति प्रेम से भी सुखद है। इससे शरीर और मन मिलते रहते हैं। वासना घोर अतृप्ति देती है। भक्ति में सब कुछ आनंद के समुद्र में डूब जाता है, बचता कुछ नहीं है। आज सर्वत्र वासना का कलुष साम्राज्य छाया है। इंद्रिय सुख प्राप्त करने के तमाम सुविधा-साधन जुटाए जाते हैं। इंद्रियां अपने-अपने सुख पाने के लिए काल्पनिक उधेड़बुन करती रहती हैं। इसमें सर्वाधिक हलचल मचाने वाली इंद्रियां काम-वासना से संबंधित हैं। काम-वासना को दैहिक सुख का चरम माना जाता है। चूंकि सामान्य इंसान को इस सुख से ज्यादा बड़े सुख की न तो कल्पना होती है और न कोई प्रयास। इसलिए यह परमसुख मान लिया जाता है। इंसान दैहिक सुखरूपी वासना के पंक में धंसता जाता है, परंतु उसे कभी तृप्ति नहीं मिलती। घोर अतृप्ति में तृप्ति की चाहत के लिए वासना की आग में देह जलती रहती है और इसी जलन में वह क्षीण सुख और विरोधाभासी कल्पना में मग्न रहता है। वासना की इस महापंकिल भूमि में विषादरूपी पंक की दुर्गंध छाई रहती है। वासना बर्हिमुखी है। स्थूल में होने के कारण यह सूक्ष्म की अवहेलना है। देह से वासना कभी तृप्त नहीं होती है। हां, यह रूपांतरित हो सकती है। रूपांतरण के बाद वासना प्रेम में परिवर्तित हो जाती है। वासना से सामर्थ्य घटती है। प्रेम हमारे आंतरिक दिव्य गुणों को शिखर तक ले जाता है। प्रेम अबोल है, बोलता नहीं। प्रेम से पगा मन बिन बोले ही सब कुछ कह जाता है। विद्वान कहते हैं-देह से ऊपर उठो, मन से मिलो। अगर मिल जाओगे तो प्रेम भक्ति हो जाएगा। प्रेम से मन का सारा मैल गिर जाएगा। मन प्रकाशित हो उठेगा। भक्ति प्रेम से भी अनंत गुना सुखद और पावन है। प्रेम मन को मिलाता है। भक्ति में आत्माएं मिलती हैं। वासना जलाती है। प्रेम मुक्त करता है, तृप्ति देता है। भक्ति आनंद देती है।

## संपादकीय

# स्थायी समस्या बन गया है वायु प्रदूषण

वायु प्रदूषण दिल्ली की स्थायी समस्या बनती गई है। इससे निपटने के लिए अनेक उपाय आजमाए जा चुके हैं, मगर अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पाई है। सर्दी का मौसम शुरू होते ही हवा में प्रदूषक तत्त्वों की मात्रा इतनी अधिक बढ़ जाती है कि लोगों का सांस लेना दूभर हो जाता है। कई बार स्कूल बंद करने पड़ते हैं, लोगों को सुबह और शाम की सैर के लिए निकलने से मना किया जाता है। अस्पतालों में सांस के मरीजों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में अब दिल्ली के उपराज्यपाल ने बहुउद्देशीय वाहन चलाने की पहल की है। उन्होंने अट्ठाईस ऐसे वाहन खरीदे हैं, जो सड़कों की सफाई करने के अलावा पानी का छिड़काव करने और कोहरा हटाने का काम करेंगे। दावा किया जा रहा है कि इससे वायु प्रदूषण रोकने में काफी मदद मिलेगी। दरअसल, सर्दी के मौसम में हवा संघनित होकर पृथ्वी की सतह के करीब सिमट आती है, जिसके चलते वाहनों और अन्य स्रोतों से निकलने वाला धुआं कोहरे में घुलमिल



कर गहरा हो जाता है। इस तरह तय मानक से कई सौ गुना अधिक प्रदूषक तत्त्व हवा में मौजूद रहते हैं। यही सांस संबंधी परेशानियों और अनेक बीमारियों को पैदा करते हैं। पानी का छिड़काव करने से प्रदूषक तत्त्व जमीन पर बैठ जाते हैं। इस तरह निस्संदेह ये वाहन कारगर साबित हो सकते हैं। दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर कुछ साल पहले गाड़ियों के लिए सम-विषम योजना चलाई गई थी, स्माग टावर खड़ा किया गया। बाहर से आने वाले भारी वाहनों का शहर में प्रवेश रोक कर बाहरी मार्गों से उन्हें गुजरने की व्यवस्था की गई। इस साल भी सर्दी शुरू होने से पहले दिल्ली सरकार ने अक्तूबर से ही माल वाहक वाहनों का शहर में प्रवेश बंद कर दिया था। बिना प्रदूषण जांच के प्रमाणपत्र वाले वाहनों पर भारी जुमार्ने का प्रावधान किया गया। फिर भी इस समय हवा में जहरीले सूक्ष्म कणों की मौजूदगी चार सौ से अधिक बनी हुई है। निस्संदेह यह चिंता का विषय है। हर साल जब सर्दी शुरू होती है, तो दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर राजनीति भी शुरू हो जाती है। दिल्ली सरकार पड़ोसी राज्यों पर पराली जलाने का आरोप लगाती है। इस साल पंजाब में पराली जलाने को लेकर खुद दिल्ली सरकार को भी कठघरे में खड़ा होना पड़ा। फिर केंद्र सरकार इसका सारा दोष दिल्ली सरकार पर मढ़ कर उसे घेरने का प्रयास करती है। जबकि अपेक्षा की जाती है कि इस समस्या से निपटने में सबका बराबर का सहयोग हो। दिल्ली में वायु प्रदूषण की वजहें छिपी नहीं हैं। करीब पच्चीस साल पहले भी इस समस्या से पार पाने के लिए शहर में चल रहे उद्योगों को सीमावर्ती जगहों पर भेजा गया, फिर वाहनों में सीएनजी लगाया गया, धुएं को पानी में बदलने वाली अत्याधुनिक तकनीक लगे वाहन ही बिक्री के लिए अनुमोदित किए गए। बाहरी वाहनों के शहर में प्रवेश पर कड़ाई रखी गई। उसके बावजूद वायु प्रदूषण नहीं रुक पाया, तो इसकी बड़ी वजह सड़कों पर बढ़ती वाहनों की संख्या है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# चीन की 'चाह'

कोई भी देश अपनी आर्थिक और भू-राजनीतिक स्थिति को मजबूत करने के लिए अपने दायरे में किसी नीतिगत कार्यक्रम पर काम करता है, तो इससे किसी को आपत्ति नहीं होगी लेकिन चीन के मामले में यही बात पक्के तौर पर नहीं कही जा सकती कि वह सिर्फ खुद को मजबूत करने के लिए अपने सीमाक्षेत्र में नई नीतियों पर काम कर रहा है। समस्या यह है कि वह अपने मकसद के लिए अघोषित रूप से विस्तारवादी रणनीति पर जिस तेजी से काम कर रहा है, वह दुनिया भर में, खासकर भारत के लिए चिंता का कारण बन रहा है। आधुनिक विश्व में जहां देशों की सीमा से लेकर आर्थिक या राजनीतिक स्तर पर खड़े होने वाले किसी भी विवाद के संदर्भ में बातचीत या संवाद के जरिए समाधान निकालने पर जोर दिया जा रहा है, वहीं चीन खुद से संबंधित किसी मसले पर अपनी सुविधा के मुताबिक कदम उठाता है। भले इसके लिए उसे किसी पड़ोसी देश की सीमाओं का नाहक अतिक्रमण तक क्यों न करना पड़े। इस मामले में चीन के साथ भारत के कड़वे अनुभव किसी से छिपे नहीं हैं। दरअसल, किसी विचित्र अहं का शिकार होकर चीन को पड़ोसी देशों की संप्रभुता का भी खयाल रखने की जरूरत नहीं लगती और वह उसे घेरने के लिए अलग-अलग स्तर पर कुचक्र रचता रहता है। भारत को मानो उसने केंद्रीय निशाने पर रख लिया है और इसे नाहक दखल या परेशान करने का कोई मौका नहीं चूकना चाहता। आए दिन उसकी ऐसी हरकतें सामने आती रही हैं। हाल ही में दिल्ली में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत एक दस्तावेज में यह खुलासा हुआ कि चीन दक्षिण-पूर्व और दक्षिण एशिया में विकास कार्यों के लिए ऋण के नाम पर भारी मात्रा में धन मुहैया करा कर हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रभाव को कम या सीमित करना चाहता है। किसी देश को उसकी जरूरत के मुताबिक मदद देना एक सामान्य बात हो सकती है। लेकिन अगर चीन आर्थिक सहायता के दम पर भारत के पड़ोसी देशों को उसके खिलाफ भड़काने के एजंडे पर काम कर रहा है, तो यह हर तरह से गलत और चिंताजनक है। हालांकि चीन की फितरत को देखते हुए उसकी इस तरह की हरकतें हैरानी करने वाली नहीं हैं। यह तथ्य है कि पिछले दो-ढाई दशक के दौरान आर्थिक और सैन्य मामलों में चीन ने अप्रत्याशित मजबूती हासिल की है। मगर अपनी इस ताकत का इस्तेमाल वह अपनी विस्तारवाद की भूख को मिटाने में करना चाहता है। यही वजह है कि पिछले कुछ सालों से वह भारत के पड़ोसी देशों में अपनी गतिविधियां पहले के मुकाबले तेजी से बढ़ा रहा है। इसी क्रम में चीन ''बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव'', चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा, भारत के पड़ोसी देशों में आसान शर्तों पर ऋण, सीमा पर अवांछित गतिविधियों के माध्यम से अपने प्रभाव को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमा और श्रीलंका में अगर चीन खुले हाथों से ऋण या भारी मात्रा में धन का निवेश कर रहा रहा है, तो इसका मकसद समझना मुश्किल नहीं है। दरअसल, इस रास्ते वह भारत के प्रभाव को कम करके एशिया में मनमानी करने और अनैतिक लक्ष्य प्राप्त करने में हर अड़चन को हटाना चाहता है।

# इंक्रेडिबल इंडिया इन एंबीशन किड्स किड्स एकेडमी मे भव्यता के साथ मनाया गणतंत्र दिवस





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रताप नगर, श्योपुर रोड स्थित एंबीशन किड्स एकेडमी में आठवां वार्षिकोत्सव ''इंक्रेडिबल इंडिया'' थीम पर आयोजित किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न प्रांतों के नृत्यों पर मनभावक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इसमें राजस्थान, मराठी, गोवा, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, कश्मीर, गुजरात, पंजाब आदि विभिन्न प्रांतों के नृत्यों की झलकियां शामिल थी। इसके अतिरिक्त कोरोना विकट्री को भी एक नृत्य नाटिका के रूप में एम्बीशन किड्स द्वारा भाव विभोर तरीके से प्रस्तुत किया गया। इसमें कोरोना के प्रारंभ से लेकर वैक्सीनेशन कार्यक्रम तक को श्रंखला बद्ध तरीके से दशार्या गया। एम्बीशन किड्स द्वारा ''दिल में मार्स है'' नामक थीम पर भी लाइव ड्रामा प्रस्तुत किया गया-जिसमें अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत द्वारा मंगल ग्रह पर -मिशन मार्स का सफलता पूर्वक प्रक्षेपण कार्यक्रम को लाइव ड्रामें द्वारा एम्बीशन विद्यार्थियों ने बखूबी प्रस्तुत किया। इस प्रकार मिशन मार्स की विजय यात्रा ने दर्शकों का मन मोह लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। इससे पूर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण सीए अभिषेक कुमार जैन के कर कमलों से संपन्न हुआ। एंबीशन एनुअल फंक्शन का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी एवं व्यवसायी हीराचंद-आशा गर्ग ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के श्री चरणों में दीप प्रज्वलित कर के किया। उपाचार्या अनीता जैन ने बताया कि इस मौके पर अभिभावकों के लिए भी बॉलीवुड रेट्रो थीम पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें अनेक प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया जिसमें से मिस्टर एंड मिसेज-एंबीशन का अवार्ड मोहित तथा प्रीति बांगड़ को दिया गया। बेस्ट बॉलीवुड रेट्रो का अवार्ड-दीपक एवं मुस्कान तांबी को दिया गया ।इसके अतिरिक्त बेस्ट एन्थूजियास्टिक कपल का अवार्ड अमित-मोहिता जैन, बेस्ट एनर्जेटिक कपल प्रतीक -मनाली जैन, बेस्ट डायनेमिक कपल राजेंद्र -अनीता प्रजापत, मोस्ट स्टाइलिश मॉम राधिका माथुर, बेस्ट इन्नोवेटिव भावना शर्मा











आदि को संस्थान सचिव डॉ शांति जैन तथा चेयरमैन डॉ एम एल जैन ''मणि'' ने संयुक्त रूप से क्राउन पहनाया। समारोह के विशिष्ट अतिथि चंद्र प्रकाश मालती सरणका द्वारा संयुक्त रूप से विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया तथा निदेशक डॉ मनीष जैन एवं प्राचार्या डॉ. अलका जैन द्वारा विजयी प्रतियोगियों को सैशे पहनाकर सम्मानित किया।

समारोह के मुख्य अतिथी डॉक्टर एस एल जैन ''**पंकज**'' जो वर्तमान में अपैक्स हॉस्पिटल में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं , के द्वारा एंबीशन विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह तथा उपहार देकर कार्यक्रम की सराहना की ।उन्होंने बताया कि एक राष्ट्र के लिए एक अच्छा नागरिक होना अत्यंत आवश्यक है और अच्छे नागरिक का निर्माण एक आदर्श विद्यालय ही कर सकता है।

इस दृष्टिकोण को एंबीशन किड्स एकेडमी द्वारा मूर्त रूप प्रदान किया जा रहा है। यहां पर एकेडमिक स्टडी के साथ-साथ को-करिकुलर एक्टिविटीज पर भी अत्यंत ध्यान दिया जाता है, जिससे छात्र का सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है। कार्यक्रम के अंत में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होम्योपैथ तथा चेयरमैन डॉ एम एल जैन ''मणि'' द्वारा सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, अतिथियों तथा स्टाफ सदस्यों को कार्यक्रम को सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जेंडर और बाल अधिकारों की समानता के लिए उन्हें समझना जरूरी है: डॉ गौतम



**बीकानेर. शाबाश इंडिया**

राजकीय सुदर्शन महाविद्यालय और राज ऋषि राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बीकानेर में मानव अधिकार और पर्यावरण पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ विशाल गौतम को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ गौतम ने बाल अधिकार और जेंडर विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में समुचित ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने बताया कि आज के परिवेश में जेंडर को समझना बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना इसके समाज में जेंडर से उत्पन्न मतभेदों को दूर नहीं किया जा सकता। उन्होंने हिंसा के बारे में भी बताया कि पहले हिंसा को जानना जरूरी होता है फिर उसके विरुद्ध आवाज उठानी पड़ती है। इस संगोष्ठी में करीब 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिन्होंने अपने विचार व्यक्त किए।

# जिनालय स्थापना रजत जयंती महोत्सव आमंत्रण पत्रिका का हुआ विमोचन



## आचार्य सुनील सागर जी महाराज का 2 फरवरी को निवाई मे होगा मंगल प्रवेश

**निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में आचार्य श्री सुनील सागर महाराज एवं आर्यिका विज्ञा श्री माताजी के सानिध्य में 6 फरवरी से 7 फरवरी तक आयोजित होने वाले जिनालय स्थापना रजत जयंती महोत्सव आमंत्रण पत्रिका का जयघोष के साथ विमोचन किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि 7 फरवरी को आयोजित होने वाले रजत जयंती महोत्सव की रुपरेखा की तैयारियों के अन्तर्गत शनिवार को आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया जिसमें अनेक लोगो ने भाग लिया। जौंला ने बताया कि आमंत्रण पत्रिका विमोचन से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ के अभिषेक शांतिधारा कर पूजा अर्चना की। रजत जयंती महोत्सव का समस्त कार्यक्रम पण्डित सुरेश शास्त्री सम्पन्न करायेंगे। जौंला ने बताया कि आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ सहित 2 फरवरी को निवाई मे मंगल प्रवेश करेंगे।


दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर

के तत्वावधान में

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के द्वारा

निःशुल्क मेडिकल कैम्प एवं नेत्र जांच शिविर

रविवार, 5 फरवरी 2023 समय : प्रातः 10.00 बजे से 2.00 बजे तक

स्थान : राजस्थान अस्पताल प्रांगण, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर

शिविर में निम्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी......

| हृदय रोग विशेषज्ञ | हड्डी रोग विशेषज्ञ | नेत्र रोग विशेषज्ञ | डायबिटिज विशेषज्ञ | स्त्री रोग विशेषज्ञ | जनरल फिजिशियन | कान, नाक, गला विशेषज्ञ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| डॉ. कैलाश चन्द्रा | डॉ. जितेश जैन | डॉ. करिश्मा गोयल | डॉ. प्रियाश्री कटेवा | डॉ. प्रियंका शर्मा | डॉ. डी. के. जैन | डॉ. पंकज सिंह |

शिविर में उपलब्ध निःशुल्क जांचें

नोट : जाँच करवाने हेतु खाली पेट आना उचित रहेगा। रोगी अपने ईलाज संबंधित पूर्व रिपोर्ट व डॉ. की पर्ची साथ लेकर आवें।

बीएमडी | फाइब्रो स्कैन (प्रात: 10 से 12 बजे तक) | लिपिड प्रोफाइल रैंडम शुगर | पैप स्मीयर (केवल महिलाओं के लिए) | मैमोग्राफी (केवल महिलाओं के लिए) | ई.सी.जी. (कार्डियोलॉजिस्ट की सिफारिश पर)

मुख्य अतिथि :: डॉ. निर्मल जी जैन, Member : National Road Safety Council (NRSC)

दीप प्रज्वलन कर्ता : श्रीमान् सुभद्र जी पापड़ीवाल

मुख्य समन्वयक यश कमल-संगीता अजमेरा 9829067076

समन्वयक राकेश-रेणु संघी 9950880055

समन्वयक कमल-मंजू ठोलिया 9414062851

समन्वयक प्रदीप-प्राची बाकलीवाल 9414070596

संयोजक नितेश - मीनू पाण्ड्या 9314263204

निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

राजेश बड़जात्या अध्यक्ष | अनिल जैन IPS संस्थापक अध्यक्ष | यश कमल अजमेरा निवर्तमान अध्यक्ष | पारस कुमार जैन कोषाध्यक्ष | निर्मल संघी महासचिव

आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

राकेश-समता गोदिका अध्यक्ष | दिनेश-संगीता गंगवाल परामर्शक | मनीष-शोभना लोंग्या कार्याध्यक्ष | अनिल-अनिता जैन कोषाध्यक्ष | अनिल-निशा संघी सचिव

सौजन्य से :: राजस्थान अस्पताल जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर

# हजीरा स्थित निप्पोन-मित्तल टाउनशिप में आयोजित हुआ विराट हास्य कवि सम्मेलन





**सूरत. शाबाश इंडिया।** सूरत महानगर के निकट हजीरा ओद्योगिक क्षेत्र में स्थित आसलर निप्पोन मित्तल टाउनशिप (एस्सार नंद निकेतन टाउनशिप) में 26 जनवरी को वसंत पंचमी के दिन आयोजित विराट हास्य कवि सम्मेलन खूब जमा। कवि सम्मेलन की शुरूआत नोएडा से आई कवियत्री मनीषा शुक्ला द्वारा सरस्वती वंदना से की गई। अगले क्रम में प्रयागराज से आए हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी ने अपनी हास्य रचनाओं से खूब तालियां बटोरी। फिर बारी आई कानपुर के हास्य-व्यंग्य कवि हेमन्त पांडेय की जिन्होंने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से गजब का समा बांधा। मंच संचालक ने तीसरे क्रम पर कवियत्री मनीषा शुक्ला को प्रस्तुति हेतु आवाज दी, जिन्होंने दिल को छू लेने वाली रचनाओं की प्रस्तुति दी। अगले पड़ाव में मथुरा से आए युवा कवि मनवीर मधुर ने अपनी ओजस्वी वाणी में राष्ट्र चेतना की अलख जगा दी व श्रोताओं ने तालियों का महोत्सव सा कर दिया। अंत मे मंच संचालक व हास्य व्यंग्य कवि दिनेश दिग्गज ने हास्य व्यंग्य भरी रचनाओं से श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। कवि सम्मेलन में ऑसलर निप्पोन मित्तल के अधिकारी मूंदड़ा व अन्य महानुभाव मौजूद रहे। आभार विकास शर्मा ने प्रकट किया। ये उल्लेखनीय है कि एस्सार की नंद निकेतन टाउनशिप में पिछले 13 वर्ष में तकरीबन 12 हास्य कवि सम्मेलन आयोजित हुए, जिसमें से 10 कवि सम्मेलनों में कवि गणों की टीम जुटाने में गणपत भन्साली योगभूत बने। विशेष व उल्लेखनीय पहलू यह भी है कि इन 10 कवि सम्मेलनों में कोई भी कवि रिपीट नही किया गया।

# शिक्षा और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सिख बच्चे 12 फरवरी को होंगे सम्मानित

## सिख टैलेंट हंट का पोस्टर जारी हुआ




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान सिख समाज की अग्रणी कौन बनेगा गुरसिख बच्चा संस्था (केबीजीबी) ऐसे सिख बच्चे-बच्चियों को सम्मानित करने जा रही है जिन्होंने अपने एकेडमिक, उच्च शिक्षा और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ॅसिख टेलेंट हंटॅ नाम से उन सिख बच्चों की खोज की जा रही है जिन्होंने 10वीं और 12वी परीक्षाएं 90%अंकों से पास की है। ग्रेजुएट और पोस्ट-ग्रेजुएट में 80% अंक लिए हैं। इसके इलावा एमबीबीएस/एमडी, एमबीए, इंजीनियरिंग या पीएचडी, सीए आदि प्रोफेशनल डिग्री 2021-22 में हासिल की है। पूर्व अध्यक्ष दीप सिंह, पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिंह रोबिन, मेहरबान सिंह और सुरेंद्र सिंह ने टैलेंट हंट का पोस्टर जारी किया। इवेंट संयोजक सरदार जसबीर सिंह ने बताया कि राजस्थान का गौरव बढ़ाने वाले ऐसे सभी चयनित सिख बच्चों को सम्मानित जाएगा जिन्होंने शिक्षा के इलावा राज्य स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों या खेलों की व्यक्तिगत/टीम स्पर्धा में राजस्थान को रिप्रेजेंट किया हो। केबीजीबी संस्था के महासचिव सरदार सुखदेव सिंह ने बताया कि जो सिख बच्चे उक्त पात्रता रखते हैं वो ऑनलाइन फार्म डाउनलोड कर 7फरवरी तक मार्कशीट और संबंधित सर्टिफिकेट के साथ श्री गुरु नानक देव स्कूल, राजा पार्क, जयपुर में जमा करा सकते हैं।



# 74 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया

## एनआरआई डॉ रामदेव मेहता ने स्कूल में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने की की घोषणा



**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया**

**भैंसलाना।** 74वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण और विधार्थियो द्वारा देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी गई। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिन्हे देखकर उपस्थित ग्रामीणजनों ने कार्यक्रम को सराहा और कार्यक्रम की प्रसंशा की। कार्यक्रम के दौरान भामाशाह और स्कूल निर्माणकर्ताओं उदाराम गिन्दोडिया और बंशीलाल गिन्दोडिया के चित्रों का चित्र अनावरण कर उनके याद करते हुए उन्हें उचित स्थान दिया गया।इसके बाद स्कूल द्वारा पधारे सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान भी किया गया।स्कूल प्रधानाचार्य भगवान सहाय जाट ने बताया कि मुख्य अतिथि एन आर आई डॉ रामदेव मेहता ने विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने के लिए लगने वाला खर्च देने की घोषणा की। स्कूल प्रधानाचार्य भगवान सहाय नागा का भी स्कूल के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्रामीणों द्वारा माला पहनाकर सम्मान किया गया।

# जीतो की ओर से गणतन्त्र दिवस पर समारोह आयोजित

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

जीतो उदयपुर चेप्टर, जीतो लेडीज विंग एवम जीतो यूथ विंग की ओर से गणतंत्रत दिवस के उपलक्ष्य में माउंट लिटेरा स्कूल ग्राउंड में गणतन्त्र दिवस पर 'जय हो' कार्यक्रम आयोजित हुआ। संयोजक संजय भंडारी ने बताया कि जीतो राजस्थान जोन के मुख्य सचिव महावीर चपलोत, जीतो उदयपुर चैप्टर के अध्यक्ष विनोद फांदोत, मुख्य सचिव धर्मेश नवलखा, सचिव महेंद्र तलेसरा, खेल संयोजक संजय भंडारी, कोषाध्यक्ष अभिषेक संचेती, जीतो महिला विंग की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलुंडिया, प्रमुख सचिव प्रीति सोगानी, जीतो यूथ विंग अध्यक्ष दिव्यद दोषी, मुख्य सचिव शुभम गांधी के नेतृत्व में सदस्य परिवार के पुरुष, महिलाओं एवम बच्चों ने हाथ में तिरंगा लिए जय हो, वंदे मातरम, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा .... जयघोष के साथ तिरंगा रैली में भाग लिया। विनोद फांदोत ने बताया कि रैली के बाद वंदे मातरम कार्यक्रम में उपस्थित हर भागीदार सदस्य का देशभक्ति जज्बा देखते ही बनता था। कार्यक्रम समापन से पूर्व राष्ट्रगान हुआ और बच्चों को मिठाई बांटी गई।



रिपोर्ट: राकेश शर्मा 'राजदीप'
मोबाइल:9829050939






## आपके विचार


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रिजन, जयपुर की सभा सम्पन्न

सभा मे दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति सर्वश्रेष्ठ ग्रुप अवार्ड से तथा ग्रुप अध्यक्ष राकेश गोदिका सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष से सम्मानित




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रिजन जयपुर की कार्यकारिणी सभा स्थानीय भट्टारक जी की नासियाँ नारायण सिंह सर्किल स्थित बडजात्या सभागार मे सम्पन्न हुई। रिजन अध्यक्ष राजेश बडजात्या व महासचिव निर्मल संघी ने बताया कि सभा मे रिजन द्वारा विगत मे किये गये कार्यों का विवरण रखा गया। रिजन अध्यक्ष द्वारा सभा मे उन सभी का सम्मान किया जिन्हे 7, 8 जनवरी को उज्जैन मे आयोजित फेडरेशन के अधिवेशन मे सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति को सर्वश्रेष्ठ ग्रुप व सन्मति अध्यक्ष राकेश गोदिका को सर्वश्रेष्ठ ग्रुप अध्यक्ष से सम्मानित किया गया। सभा मे रिजन अध्यक्ष राजेश बडजात्या, सचिव निर्मल संघी, वरिष्ठ परामर्शक महेन्द्र पाटनी, परामर्शक नविन सेन जैन, निर्वतमान अध्यक्ष यश कमल अजमेरा, कोषाध्यक्ष पारस जैन, सन्मति ग्रुप सचिव अनिल संघी, कार्याध्यक्ष मनीष लोंग्या सहित रिजन के पदाधिकारी व विभिन्न ग्रुपों के अध्यक्ष तथा सचिव भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति पदक से सम्मानित राठौड़ को जिला कलेक्टर ने किया सम्मानित

**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

अजमेर। नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन, सिविल डिफेंस की अजमेर में 1968 में स्थापना से आज तक किसी स्वयंसेवक को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया हैं तो वे हैं चीफ वार्डन अमर सिंह राठौड़। सिविल डिफेंस के राजेंद्र गांधी ने बताया कि राठौड़ वर्ष 2013 में राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर तत्कालीन जिला कलेक्टर अजमेर जो नागरिक सुरक्षा विभाग के नियंत्रक भी है, ने चीफ वार्डन नागरिक सुरक्षा अजमेर के पद पर मनोनीत कर सेवा करने का अवसर दिया। इनकी सेवाओं से संतुष्ट होकर 2021 में भारत के महामहिम राष्ट्रपति ने इनकी सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा करते हुए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया। यह पदक जयपुर में निदेशक नागरिक सुरक्षा सेवा निदेशालय राजस्थान सरकार जयपुर में प्राप्त होने पर राष्ट्रपति पदक निदेशक द्वारा 26 जनवरी 2023 को निदेशालय में राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान कर सम्मानित किया गया। अजमेर के लिए यह बहुत ही गौरव की बात है की नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन अजमेर के इतिहास में सर्वप्रथम राष्ट्रपति पदक द्वारा नवाजा गया।



अमर सिंह राठौड़ ने यह पदक समस्त नागरिक सुरक्षा सेवा स्वयं सेवकों को समर्पित करते हुये जिला कलेक्टर, अजमेर जो कि नागरिक सुरक्षा विभाग के नियंत्रक भी हैं इसलिए सबसे पहले सम्मान जिला कलेक्टर अंशदीप को साफा पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी गई। उन्हें राष्ट्रपति पदक तथा स्क्रोल रोल समर्पित किया गया। जिला कलेक्टर ने अमर सिंह राठौड़ को टैग कर सराहनीय सेवा की प्रशंसा करते हुए बधाई दी और भविष्य में इसी प्रकार और अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### मुख्य सचिव ने की राज्य फ्लैगशिप कार्यक्रमों की समीक्षा

## इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना से बदल सकती है शहरों की तस्वीर : मुख्य सचिव

**जयपुर. कासं।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्र के लिए इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू करने वाला राजस्थान पहला राज्य है तथा इस योजना का राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की जा रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर श्रम नियोजन और नगरीय सौन्दर्यीकरण के कार्यो के माध्यम से इस योजना को मॉडल स्कीम बनाने का प्रयास किया जाए। साथ ही जिला कलेक्टर्स एवं विभागीय अधिकारियों को तय समयावधि में सौन्दर्यीकरण सम्बंधित कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव शनिवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष से सभी संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर्स के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनांतर्गत अधिकाधिक लोगों को लाभ पहुँचाने के लिए युद्ध स्तर पर पंजीकरण करवाए जाए और जिला स्तर पर नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा की जाए।

# सफाई के लिए वैक्यूम वाहन का लोकार्पण



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

**नसीराबाद।** नसीराबाद नगर की सड़कों की सफाई के लिए खरीदे गए वैक्यूम वाहन का गुरुवार को गणतंत्र दिवस के अवसर लोकार्पण किया गया। छावनी परिषद अध्यक्ष ब्रिगेडियर अरिंदम मुखर्जी, मुख्य अधिशाषी अधिकारी उमेश कुमार पारीक व वैरिड बोर्ड सदस्य सुशील कुमार गदिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर वैक्यूम वाहन का लोकार्पण किया। इस वाहन के आ जाने से नगर की सफाई व्यवस्था में सुधार आयेगा।

# नेट-थियेट पर चढ़ा भक्तिमाला का रंग

## बसो मोरे नैयनन में नंदलाल



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नेटथियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज युवा गायक ब्रजेश व्यास ने अपनी सुरीली आवाज में अपने भजनों से लोगों को भक्ति में लीन कर दिया। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार ब्रजेश अपने कार्यक्रम की शुरूआत ''गाइये गणपती जग बंदन'' से की इसके बाद बांसुरी की धुन पर पंडित आलोक भट्ट की रचना ''बंसी थारी बाज रही'' गाकर कृष्णमयी बना दिया। ललित गोस्वामी की रचना ''झर रहे हैं नयन मेरे तुम इसे सावन ना समझो'' और मीरा का भजन ''मन मोहना मधुसूदना'' प्रस्तुत किया। उन्होने कबीर का सुप्रसिद्ध भजन ''मनडो लाग्यो मेरो यार फकीरी में, जो सुख चाहूं राम भजन में सो सुख नाही अमीरी में'' गाकर सुप्रसिद्ध गायक स्व.मोइनुद्धीन की यादों को ताजा कर दिया। ब्रजेश व्यास सुप्रसिद्ध संगीतकार और गायक पण्डित आलोक भट्ट के शिष्य हैं। इनके साथ तबले प्रदीप जयसवाल ने अपनी उंगलियों का जादू बिखेरा। जाकिर हुसैन की बांसुरी और कुनाल शर्मा के गिटार की संगत ने कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध उद्घोषक दुगार्दास मूलचंदानी ने किया । कैमरे पर जितेन्द्र शर्मा, मंच सज्जा देवांग सोनी, अंकित शर्मा नोनू, संगीत संयोजन तपेष शर्मा।

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के महापारणा महामहोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त किया





**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन पद यात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में 28 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित जयपुर से शाश्वत सिद्ध क्षेत्र श्री सम्मेद शिखर जी स्पेशल ट्रेन यात्रा के यात्रियों ने श्री सम्मेद शिखरजी में आयोजित अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के महापारणा महामहोत्सव में शामिल होकर आचार्य श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर योग गुरु बाबा रामदेव से भी मंच पर मुलाकात हुई। यात्रा दल ने आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के साथ आचार्य विशद सागर महाराज, मुनि प्रमाणसागर महाराज, मुनि पियूष सागर महाराज,मुनि विशाल सागर महाराज से लिया आशीर्वाद ।-साधना के शिखर पुरुष 557 दिवसीय सिंहनिष्क्रीडित व्रत के साधक साधना महोदधि अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज की कठोरतम महासाधना उपरांत सम्मेद शिखर जी में अभूतपूर्व महापारणा महाप्रतिष्ठा महामहोत्सव में शामिल होने हेतु जयपुर से स्पेशल ट्रेन यात्रा दल 27 जनवरी को रात्रि में श्री सम्मेद शिखरजी पहुंचा ।दल के सदस्यों ने शनिवार,28 जनवरी को आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के महापारणा महामहोत्सव में सहभागिता निभाई। इस मौके पर संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन, ट्रेन यात्रा के मुख्य संयोजक शैलेन्द्र शाह'चीकू', रेलवे समन्वयक आर के जैन, संयोजक सुरेश ठोलिया, सूर्य प्रकाश छाबड़ा,अमर चन्द दीवान खोराबीसल, विनोद जैन कोटखावदा, विनेश सोगानी, मनीष लुहाड़िया, जिनेन्द्र जैन ,सुधीर कासलीवाल नमन वास्तु, प्रदीप बाकलीवाल, महेश काला, अशोक जैन नेता, शकुन्तला पाण्डया, दीपिका जैन कोटखावदा, ऊषा दीवान, सहित संघ के सलिल जैन, राजकुमार बड़जात्या, पवन जैन नैनवां,महेश जैन,विक्रम पाण्डया, मयंक जैन,दीपा गोधा, सोभाग मल जैन, अशोक पाटोदी सहित सभी यात्रियों ने आचार्य प्रसन्न सागर महाराज की महोत्सव स्थल पर प्रवेश के समय पचरंगे जैन ध्वज के साथ भव्य अगवानी की। संरक्षक सुभाष चन्द जैन एवं मुख्य संयोजक शैलेन्द्र शाह'चीकू' ने बताया कि यात्रा दल ने गुणायतन पहुंच कर मुनि प्रमाण सागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पूर्व प्रातः



तेरापंथी कोठी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में देव दर्शन के बाद आचार्य विशद सागर महाराज के दर्शन लाभ प्राप्त कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन ने बताया कि शनिवार 28 जनवरी की रात्रि में 2.00 बजे सभी यात्री गण पर्वत वन्दना के लिए सामूहिक रूप से रवाना होंगे । संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक रविवार,29 जनवरी को दोपहर बाद नीचे उतर कर आरती, भक्ति संध्या व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सोमवार,30जनवरी को तलहटी के मंदिरों के दर्शन लाभ लेंगे। सायंकाल वापस जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। यात्रा में पद यात्रा संघ की ओर से यात्रा के दौरान बस, आवास, भोजन सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। संरक्षक सुभाष चन्द जैन के मुताबिक यह रेल यात्रा दल 30 जनवरी को सम्मेद शिखरजी से वापस रवाना होकर 31 जनवरी को जयपुर लौटेगा।

# मीजल्स
## लापरवाही ठीक नहीं

मीजल्स यानी खसरा एक संक्रामक रोग है, जिसे भारत में छोटी माता के नाम से भी जाना जाता है. यह बीमारी पैरामिक्सोवायरस फैमिली के एक वायरस के कारण होती है. मीजल्स को रूबेला भी कहते हैं. विशेषज्ञों की मानें तो वैश्विक स्तर पर हर घंटे खसरा से पीड़ित 13 और प्रत्येक दिन 314 लोगों की मृत्यु हो जाती है. बावजूद इसके लोग मीजल्स को गंभीरता से नहीं लेते. खासतौर पर बच्चों को अपनी चपेट में लेनेवाले इस संक्रमण से बचने के लिए जरूरी है कि आप इसके शुरुआती लक्षणों को पहचानें और वक्त पर सही कदम उठाकर इसे फैलने से रोकें.



## खसरा रोगियों के मामले में भारत तीसरे स्थान पर

- 2018 के पहले तीन महीनों की तुलना में वर्ष 2019 के तीन महीनों में वैश्विक स्तर पर खसरा के मामलों में 300% की वृद्धि हुई.
- 7246 मामलों के साथ 2019 में भारत खसरा पीड़ित शीर्ष दस देशों की सूची में तीसरे स्थान पर रहा, जबकि 46,187 मामलों के साथ मेडागास्कर सबसे आगे रहा.
- 5 में से एक खसरा रोगी को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता पड़ती है.
- 1000 रोगियों में से एक को खसरा के कारण एन्सेफलाइटिस नामक संक्रमण होने का खतरा रहता है. इस संक्रमण के कारण मस्तिष्क में सूजन हो जाती है, जिससे दिमागी क्षति हो सकती है.
- 1000 रोगियों में से दो या तीन की अच्छी देखभाल के बावजूद मौत हो जाती है.

## ऐसे फैलता है यह रोग

पीड़ित व्यक्ति के खांसने, छींकने या बातचीत करने पर उसके मुंह से निकली संक्रमित बूंदें हवा में फैल जाती हैं, जिसे दूसरे व्यक्ति सांस लेने के दौरान अंदर ले लेते हैं. संक्रमित बूंदें किसी सतह पर भी आ सकती हैं, जहां वे कई घंटे तक सक्रिय और संक्रामक रहती हैं. संक्रमित सतह को छूने के बाद उंगलियों को मुंह या नाक में डालने, या आंखें रगड़ने पर आप संक्रमित हो सकते हैं.



## शुरुआती लक्षणों को पहचानें

- तेज बुखार, कफ और नाक बहना
- आंखों का लाल होना और पानी आना
- मुंह के अंदर छोटे सफेद धब्बे दिखाई देना
- शरीर पर लाल रंग के दाने आना



## इन कारणों से बढ़ जाता है जोखिम

- पोषण की कमी
- विटामिन ए की कमी
- कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली
- वृद्धावस्था
- एचआइवी व एड्स जैसी गंभीर बीमारी



## बीमारी जो अन्य समस्याओं को दे सकती है जन्म

- अंधापन व ब्रोंकाइटिस
- कान का इंफेक्शन
- डायरिया व निमोनिया
- एन्सेफलाइटिस (एक संक्रमण, जो मस्तिष्क की सूजन का कारण बनता है)
- गर्भवती महिलाओं में गर्भपात, समय से पहले डिलिवरी या कम वजन के बच्चे को जन्म देने जैसी दिक्कतें आ सकती हैं.





# घटयात्रा और श्रीजी शोभायात्रा यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**ललितपुर में शाही पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को हुआ। जिसकी भव्य कलश यात्रा अभिनंदनोदय तीर्थ से निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में निकाली गई। यात्रा में श्रीजी को रजत रथ में विराजित किया गया और श्रावकों ने इसे अपने हाथों से खींचा।**

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

श्री मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब बड़े बाबा अभिनंदननाथ त्रिकाल चौबीसी, रजतमयी चौबीसी, नन्दीश्वर सहस्त्रकूट गुफामय कल्पवृक्ष, मानस्तम्भ, जिनबिम्ब का शाही पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को हुआ। महामहोत्सव की भव्य कलश यात्रा अभिनंदनोदय तीर्थ से निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में नगर के प्रमुख मार्गों से निकली, जिसमें भक्त श्रीजी को रथ में विराजित कर अपने हाथों से खींचकर पुण्यार्जन कर रहे थे।

## दिव्यघोष के साथ निकली कलश यात्रा

ललितपुर से डॉ सुनील संचय ने बताया कि दोपहर में अभिनंदनोदय तीर्थ से प्रारम्भ हुई कलश शोभायात्रा की छटा अपने आप में अनूठी रही, जिसमें दिव्यघोषों की धूम के साथ कई महिला मंडल केसरिया ध्वज पताकाएं लिए हुए आगे-आगे चल रहे थे। प्रतिष्ठा महोत्सव में महापात्र माता-पिता की भूमिका में कल्पना -राजेन्द्र जैन थनवारा, राजदरबार की अनुपम झांकी विशेष वाहन में सुसज्जित रही। हाथी पर ध्वज पताकाएं लिए प्रतिष्ठा महोत्सव के सौधर्म इन्द्र सुमन-स्वतंत्र मोदी, धनकुबेर सुधा-अशोक जैन दैलवारा, महायज्ञनायक रचना-संजीव जैन, सीए सुशोभित रहे। कलश यात्रा में महिलाए जैन ध्वजा के रंग में लाल-पीले, सफेद, हरे रंग के वस्त्रों में अनुशासित चल रही थीं। वायु शुद्धि, जल शुद्धि, मांगलिक द्रव्य क्षेपण, रंगोली क्षेपण करते हुए महिलाओं के समूह जहां शोभायात्रा में आकर्षण के केन्द्र रहे, वहीं उनके पीछे पीछे छत्री टीम, भक्तामर महिला मण्डल, प्रतिभाशाली पेरेंट्स समूह धूप घट में समर्पित करते हुए चल रही थी। सोलह सलाखा बच्चे गुलदस्ता टीम ग्रुप के साथ और उनके पीछे-पीछे चल रहे थे।

## झांकियों ने मोहा मन

शोभायात्रा में पांच पापों की झांकी, विद्या गुरु मण्डल का गरबा, छह ऋतुओं के पेड़, डम्बल नृत्य नीली श्राविका मण्डल पाठशाला के बच्चों का प्रदर्शन, जोशाना समैया मण्डल, पाठशाला की वाहिनियों का प्रदर्शन, वर्द्धमान महिला संभाग, घूमर बालिका मण्डल के साथ दयोदय म्यूजिकल ग्रुप एवं दिव्यघोष के स्वयंसेवक मंगल गान कर रहे थे। इन्द्र-इन्द्राणियों के उपरान्त 32 चंवर लेकर श्रावक चल रहे थे। शोभायात्रा में श्रीजी को रथ में विराजित कर इन्द्रगण शामिल थे। शोभायात्रा वर्णी चौराहा से होते हुए तुवन मंदिर चौराहा, सदरकांटा से निकली, जिसमें आगे आगे तमिल लुंगी टीम के नवयुवक अपना प्रदर्शन कर रहे थे।

## मुनि संघ का रहा सानिध्य

शोभायात्रा में रजत रथ में श्रीजी को विराजित कर श्रावक अपने हाथों से रथ खींच रहे थे। उसके आगे-आगे मुनि सुधासागर महाराज अपने संघस्थ मुनि पूज्यसागर महाराज, एलक धैर्यसागर महाराज, क्षुल्लक गम्भीर सागर महाराज के साथ श्रावकों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। प्रतिष्ठा महोत्सव में यज्ञनायक एवं अन्य प्रमुख पात्र विशेष वाहन बग्घियों में शोभायात्रा में चल रहे थे। शोभायात्रा सदर कांटे से इलाइट चौराहा से होते हुए पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजन स्थल अयोध्यापुरी पहुची। दो किमी लम्बी सुसज्जित शोभयात्रा को देखने के लिए श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। मित्र मण्डल बडा मंदिर ने खुशी में मिष्ठान का वितरण किया, वहीं मार्ग में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर मुनि श्री से आशीर्वाद ग्रहण किया। सायंकाल अयोध्यापुरी से मुनि श्री सुधासागर महाराज ने श्रावकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इसके बाद आचार्य भक्ति एवं महाआरती का आयोजन हुआ।



## मुनि श्री ने बताई धर्म की महिमा

इसके पूर्व प्रातःकाल अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्र में मंगलाष्टक दिग्बंधन, रक्षामंत्र शान्तिमंत्र यंत्राभिषेक घटयात्रा पूजा हुई। धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ने धर्म की महिमा बताते हुए कहा कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के माध्यम से जीवन में जहां परिणामों में विशुद्धि बढ़ती है, वहीं आत्मा पवित्र और निर्मल होती है। पंचकल्याणक में तीर्थंकर के पांचों कल्याणकों को स्वर्ग से सौधर्म इन्द्र आकर मनाते हैं। एक सामान्य मां भी धन्य हो जाती है। जब वह पंचकल्याणक में तीर्थंकर की मां बनती है तो वह सर्ववंदनीय हो जाती है। मुनि श्री ने कहा कि जैन धर्म अनादि काल से है। हर तीर्थंकर अपने-अपने समय में धर्म तीर्थ की स्थापना करते हैं। तीर्थंकर ऐसी आत्मा होती है, जो तीनों लोकों में सभी के सुख की भावना और कल्याण की भावना करती है। आज उन्हीं तीर्थंकरों के कल्याणकों को मना रहे हैं। धर्मसभा का संचालन महामंत्री डॉ. अक्षय टडैया ने किया।

## पिच्छिका परिवर्तन रविवार को

निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ससंघ का भव्य पिच्छिका परिवर्तन 29 जनवरी को दोपहर एक बजे शाही पंचकलयाणक प्रतिष्ठा महोत्सव अयोध्यापुरी में जैन पंचायत ललितपुर के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। संयम के महोत्सव में निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज नगर गौरव पूज्यसागर महाराज, एलक धैर्यसागर महाराज, क्षुल्लक गम्भीर सागर महाराज को संयमी श्रावक नवीन पिच्छिका प्रदान कर पुरानी पिच्छिका ग्रहण करेंगे। पिच्छिका महोत्सव को दिगंबर जैन युवा वर्ग अशोकनगर द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति किए जाएंगे। इस अवसर पर श्रावक-श्रेष्ठियों का सम्मान होगा।

**-डॉ सुनील संचय, अक्षय अलया की रिपोर्ट**